दिन— बुधवार दिनांक— 20 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधि — 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **समी अहमद** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. भारत ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। फाइनल मुकाबले में चीन को एक—शून्य से हराया। भारत की ओर से दीपिका ने किया निर्णायक गोल।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खिताबी जीत के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम को दी बधाई।

03. सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र किया प्रदान।

04. और, प्रदेश में सत्तर वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान आज से हुआ शुरू।

———————————————————————————————

भारत ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। राजगीर में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने चीन को एक—शून्य से हराया। भारत की ओर से दीपीका ने इकतीसवें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर से निर्णायक गोल किया। फाइनल मुकाबले को लेकर भारतीय प्रशंसकों में उत्साह चरम पर दिखा। स्टेडियम में मौजूद भारतीय प्रशंसकों ने इंडिया—इंडिया की गूंज के साथ भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाया। हमारे संवाददाता ने बताया कि मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों ने चीन के खिलाड़ियों पर दवाब बनाए रखा और निर्धारित समय में विपक्षी टीम को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया।

———रिपोर्ट———

भारतीय टीम की स्ट्राईकर दीपिका को टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। दीपिका ने चैंपियंस ट्रॉफी के आठ मैचों में सबसे ज्यादा ग्यारह गोल किये। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और हॉकी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

——————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को खिताबी जीत की बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में श्री कुमार ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में पहली बार आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की ऐतिहासिक जीत से पूरा देश गौरवान्वित हुआ है।

——————————————————————————————

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा है कि बिहार में महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का सफल आयोजन किया गया। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि इस आयोजन से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है और वे आगे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हुए हैं।

———बाईट———

श्री तिर्की ने इतने कम समय में इतना सफल आयोजन करने के लिए बिहार सरकार और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की प्रशंसा की है। उन्होंने सभी को बधाई दी है।

———बाईट———

——————————————————————————————

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि केंद्र सरकार देश में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। राजगीर रवाना होने से पहले श्री मांडविया ने पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिहार समेत पूरे देश में खेल संरचना को विकसित किया जा रहा है।

———बाईट———

——————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के अधिवेशन भवन में आयोजित कार्यक्रम में सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। प्रदेशभर में एक लाख चौदह हजार एक सौ अड़तीस शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इनमें अट्ठानवे हजार तीन सौ उनचास प्रारंभिक शिक्षक, बारह हजार पांच सौ

चौबीस माध्यमिक शिक्षक और तीन हजार दो सौ पैंसठ उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। श्री कुमार ने स्वयं कुछ शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि नियोजित शिक्षकों का स्थानांतरण उनकी इच्छा के अनुरूप ही किया जाएगा। श्री कुमार ने आज पटना में सक्षमता पास शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियोजित शिक्षक फिलहाल जहां पदस्थापित हैं वहीं काम करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

विभिन्न जिला मुख्यालयों के साथ ही प्रखंड स्तर पर भी शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। हमारे बक्सर संवाददाता ने बताया कि जिला निबंधन और परामर्श केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। खगड़िया समाहरणालय कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार नौ सौ सत्तावन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। शेखपुरा में जिले की प्रभारी मंत्री शीला मंडल ने सात सौ इक्यानवे शिक्षकों को डायट भवन में आयोजित विशेष समारोह में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। सुपौल जिले के विभिन्न प्रखंडों में तीन हजार दो सौ तिरेपन शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। लखीसराय के बालूगुदर स्थित संग्रहालय ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार आठ सौ बयासी शिक्षकों को नियुक्ति पद प्रदान किया गया।

———————————————————————————

प्रदेश में सत्तर वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए आज से विशेष अभियान शुरू किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना नगर निगम के सभी पचहत्तर वार्डों में इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह अभियान बारह दिसम्बर तक चलेगा।

———बाईट———

आयुष्मान वय वंदना कार्ड योजना के तहत बुर्जुर्गों को प्रति वर्ष पांच लाख रूपये की निशुल्क चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जाती है। ये कार्ड जनवितरण प्रणाली की

सभी दुकानों, कॉमन सर्विस सेंटर और शहरी क्षेत्र में वार्ड कार्यालयों में शिविर लगाकर बनाए जा रहे हैं।

—————————————————————————

केंद्रीय मंत्री नीतिन गडकरी कल बोधगया आ रहे हैं। वे नेशनल हाईवे ऑथोरिटी द्वारा आयोजित आम सभा को संबोधित करेंगे। महाबोधि कन्वेन्शन सेंटर में आयोजित इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम. ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

—————————————————————————

थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी आज से नेपाल की चार दिवसीय यात्रा पर हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों की थल सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना और सहयोग के नए क्षेत्रों का पता लगाना है। इस दौरान जनरल द्विवेदी नेपाल के राष्ट्रपति रामचन्द्र पाउडेल, नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और नेपाल के रक्षा मंत्री मनबीर राय से भारत और नेपाल के बीच रक्षा साझेदारी समेत आपसी हितों के विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे। जनरल द्विवेदी को नेपाल की थल सेना के जनरल के मानद रैंक से भी सम्मानित किया जाएगा।

—————————————————————————

बक्सर जिले में आज से वार्षिक पंचकोसी परिक्रमा यात्रा मेले की शुरूआत हो गई है। परिक्रमा यात्रा के पहले दिन आज बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रामरेखा घाट पर गंगा नदी में पवित्र स्नान किया। स्नान के बाद श्रद्धालु अहिरौली धाम पहुंच रहे हैं। यात्रा के दूसरे दिन कल श्रद्धालु नदांव स्थित नारदमुनी आश्रम जायेंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार त्रेता युग में भगवान राम ने बक्सर के अहिरौली, नदांव, भभुअर, बड़का नुआंव और चरित्रवन में परिक्रमा यात्रा की थी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं।

—————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न शहरों में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक अत्यंत खतरनाक स्तर चार सौ के पार हो गया है, जबकि पटना और मुजफ्फरपुर में एक्यूआई तीन सौ तीस से ऊपर दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण

नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार गया, राजगीर, सीवान समेत विभिन्न शहरों में भी वायु गुणवत्ता की स्थिति खराब श्रेणी में पहुंच गयी है।

———————————————————————

उत्तर पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में तापमान में थोड़ी कमी दर्ज की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज और मधेपुरा समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में विभिन्न स्थानों पर सुबह और शाम के समय मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहने की संभावना है। विभाग ने आज से प्रदेश के कुछ भागों में पूरबा हवा चलने की संभावना भी जताई है, जिसके कारण इन भागों में औसत तापमान में थोड़ी वृद्धि हो सकती है।

———————————————————————

पूर्व रेलवे के प्रधान मुख्य वाणिज्यक प्रबंधक उदय शंकर झा ने मालदा रेल मंडल के भागलपुर स्टेशन पर साफ–सफाई और अन्य व्यवस्था का निरीक्षण किया।

———————————————————————

शेखपुरा के सदर अस्पताल में आकांक्षी जिला योजना के तहत राष्ट्रीय नवजात शिशु सप्ताह मनाया गया।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर में हरीनगर शुगर मिल में इस वर्ष के पेराई सत्र के लिए गन्ना की पेराई आज से शुरू कर दी गयी है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के चेवाड़ा प्रखंड में सांख्यिकी विभाग ने नमूने के लिए धान की कटाई का कार्य आज से शुरू कर दिया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामगनर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले की पुलिस टीम ने कालिया गैंग गिरोह के पांच अपराधियों को दो पिस्टल, ग्यारह कारतूस समेत कई आपत्तिजनक सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर थाना अंतर्गत अलग–अलग इलाकों से पुलिस ने उन्नीस लोगों को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ विप्लव कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि इनमें कई न्यायालय से प्राप्त, वारंट, कुर्की सम्मन मामले में आरोपी हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भारत ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। फाइनल मुकाबले में चीन को एक–शून्य से हराया। भारत की ओर से दीपिका ने किया निर्णायक गोल।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खिताबी जीत के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम को दी बधाई।

03. सक्षमता परीक्षा पास शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक के रूप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नियुक्ति पत्र किया प्रदान।

04. और, प्रदेश में सत्तर वर्ष और उससे अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिए विशेष अभियान आज से हुआ शुरू।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।